हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 201 कानपुर, मंगलवार 19 जुलाई 2022 पृष्ठ :4 मूल्य : 2 रुपये

## सावन के पहले सोमवार को मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़, गूंजे जयकारे

## संसद का मानसून सत्र शुरू, पीएम मोदी बोले- बाहर गर्मी कम नहीं हो रही, पता नहीं अंदर क्या होगा

सोमवार को संसद का मानसून सत्र शुरू हो गया। इस बीच सत्र के शुरुआत से पहले पीएम मोदी ने प्रेस को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि सदन को चलाना केवल सरकार का काम नहीं है बल्कि इसमें सबका सहयोग चाहिए होता है। पीएम ने कहा कि सदन की गरिमा बढ़ाने के लिए सभी सांसद इस सत्र में राष्ट्रहित की बात करें। हम यहां आम लोगों की बात रखने आते हैं इसलिए इस सदन का सर्वाधित उपयोग होना चाहिए। पीएम ने कहा कि सांसदों को कोई भी चर्चा शांति से करनी चाहिए तभी किसी मुदे का हल निकल सकता है। पीएम ने कहा कि यह सत्र मानसून से जुड़ा है, लेकिन जैसे बाहर गर्मी कम नहीं हो रही पता नहीं अंदर क्या होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सदन सांसदों का तीर्थस्थल है और इसके चलते सभी को गरिमा बनाई रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें सदन को उपयोगी बनाने की जरूरत है, जिसके लिए सबका सहयोग जरूरी है। पीएम ने कहा कि यह सत्र इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अभी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव हो रहे हैं। आज राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग हो रही है। उन्होंने कहा कि इसी दौरान नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति देश का मार्गदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों से अपील करते हुए कहा कि यह अवधि बहुत महत्वपूर्ण है। यह आजादी का अमृत महोत्सव का दौर है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त और आने वाले 25 वर्षों का एक विशेष महत्व है। जब राष्ट्र स्वतंत्रता के 100 वर्ष मनाएगा, यह हमारी यात्रा तय करने का संकल्प करने का समय होगा और हमें नई ऊंचाई छूने का लक्ष्य रखना है।




बता दें में इस मानसून सत्र के दौरान केंद्र द्वारा प्रेस पंजीकरण आवधिक विधेयक 2022 सहित 24 विधेयकों की घोषणा होने की संभावना है। विपक्ष ने भी 16 मुद्दों को सूचीबद्ध किया है जिनमें तनाव में आ रहा संघवाद, अग्निपथ योजना, बढ़ती कीमतों और अनियंत्रित मुद्रास्फीति, श्रम बल भागीदारी दर में गिरावट, ईपीएफओ ब्याज दरें, चुनाव आयोग– सीबीआई और सीवीसी जैसे संगठनों की घटती विश्वसनीयता, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बाहरी खतरे, नफरत भरे भाषण, विपक्षी नेताओं के खिलाफ अलोकतांत्रिक कार्रवाई, जम्मू और कश्मीर में बढ़ते अपराध और कश्मीरी पंडितों पर हमले और पदोन्नति और निजी क्षेत्र आदि में आरक्षण शामिल है।

## सिंगापुर जाने की अनुमति न मिलने से केजरीवाल नाराज, बोले– समझ नहीं आता मुझे जाने क्यों नहीं दिया जा रहा




सिंगापुर में होने वाले वर्ल्ड सिटीज समिट में जाने की अनुमति न मिलने को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर केंद्र से सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि मैं जनता द्वारा चुना गया एक विधायक हूं।

मुझे समझ नहीं आता कि आखिर मुझे सिंगापुर जाने से क्यों रोका जा रहा है। सिंगापुर सरकार ने मुझे दिल्ली मॉडल के बारे में बताने के लिए न्योता दिया है। दिल्ली में स्वास्थ सेवाओं और स्कूलों की व्यवस्था के बारे में समिट में बताया जाना है।

इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का ही गौरव बढ़ेगा। इसके साथ ही पैक्ड उत्पादों पर आज से लागू होने वाले जीएसटी को लेकर भी केजरीवाल ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि बुनियादी खाद्य उत्पादों के रोजमर्रा के उपयोग की सामग्री पर लागू जीएसटी को वापस ले, यह सही नहीं है। दिल्ली सरकार ही एकमात्र ऐसी सरकार है जो अपनी कई योजनाओं के माध्यम से बढ़ती मुद्रास्फीति से कोई राहत प्रदान कर रही है।

## जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद के लिए किया नामांकन, पीएम मोदी रहे मौजूद

एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ ने सोमवार को नॉमिनेशन फाइल कर दिया. इस दौरान पीएम मोदी समेत, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह समेत कई बड़े नेता शामिल रहे. इस दौरान एनडीए के सहयोगी दल भी मौजूद रहे. जगदीप धनखड़ पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रह चुके हैं.जहां एनडीए ने जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति पद के लिए मैदान में उतारा है, वहीं विपक्ष ने मार्गरेट अल्वा के नाम का ऐलान किया है. लिहाजा जगदीप धनखड़ ने अपना नॉमिनेशन फाइल कर दिया है । जगदीप धनखड़ के नामांकन के दौरान बीजेडी के सांसद भी मौजूद रहे. जगदीप धनखड़ को समर्थन देने की बात की जाए तो बीजू जनता दल अपना समर्थन देगा. बीजू जनता दल के राज्यसभा सांसद और महासचिव मीडिया



प्रभारी मानस मोंगराज ने इसकी पुष्टि की. इसके अलावा एनडीए उम्मीदवार को एआईएडीएमके ने भी अपना समर्थन देने का ऐलान किया है. अन्नाद्रमुक नेता एम थंबी दुरई ने कहा कि हमारी पार्टी जगदीप धनखड़ का समर्थन करेगी । जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी उपराष्ट्रपति चुनाव में जगदीप धनखड़ का समर्थन करेगी. राज्यसभा में वाईएसआर कांग्रेस के नेता विजयसाई रेड्डी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने धनखड़ का समर्थन करने का फैसला किया है । धनखड़ जाट समुदाय से हैं, जिन्हें उनके गृह राज्य राजस्थान में अन्य पिछड़ा वर्ग में रखा जाता है.

छह अगस्त को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में राजग के उम्मीदवार धनखड़ विपक्ष के साझा उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री मार्गरेट अल्वा के सामने मैदान में हैं ।

## पीएम मोदी की दहाड़- हमारे भविष्य के हथियारों को समझने से पहले ही खत्म हो जाएगा दुश्मन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार की स्वावलंबन सेमिनार में खिताब करते हुए कहा कि हमारे पास क्षमता है, हमारे पास टैलेंट नहीं है ऐसा बिल्कुल नहीं है और यह भी अक्लमंदी नहीं है कि दुनिया जिस प्रकार के हथियार हैं वही औजार में अपने जवानों के देकर मैदान में उतार दूं. हो सकता है कि उसकी ट्रेनिंग अच्छी होगी और वो औजैर का अच्छा इस्तेमाल करके निकल जाएगा. लेकिन मैं कब तक यह रिस्क लेता रहूंगा । पीएम मोदी ने कहा कि जैसा हथियार सामने वाले के पास है वैसा हथियार मैं अपने जवान को नहीं दूंगा. बल्कि हमारे जवान के पास वो होगा जो उसने सोचा भी नहीं होगा. सामने वाला समझे, उससे पहले खात्मा हो जाए. ये मिज़ाज सिर्फ फौजियों को तैयार करने के लिए नहीं है बल्कि ये मिज़ाज फौजी के हाथ में मौजूद हथियार पर डिपेंड करता है । पीएम मोदी ने आगे कहा, भारत का डिफेंस सेक्टर आज़ादी से पहले भी काफी मजबूत हुआ करता था.

आज़ादी के समय देश में 18 ऑर्डिनेंस फैक्ट्री थीं, जहां आर्टलरी गंस समेत कई तरह के सैनिक साजो–सामान हमारे देश में बना करते थे. दूसरे विश्व युद्ध में रक्षा उपकरणों के हम एक अहम सप्लायर थे. हमारी होवित्जर तोपों, इशापुर राइफल फैक्ट्री में बनी मशीनगनों को श्रेष्ठ माना जाता था. हम बहुत बड़ी संख्या में एक्सपोर्ट किया करते थे. लेकिन फिर ऐसा क्या हुआ कि एक समय में हम इस



क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े इंपोर्टर बन गए? पीएम मोदी ने कहा, बीते 8 वर्षों में हमने सिर्फ डिफेंस का बजट ही नहीं बढ़ाया है, ये बजट देश में ही डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग इको सिस्टम के विकास में भी काम आए, ये भी सुनिश्चित किया है. रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए तय बजट का बड़ा हिस्सा आज भारतीय कंपनियों से खरीद में ही लग रहा है ।

## राष्ट्रपति चुनाव की वोटिंग संपन्न, गुजरात, यूपी, ओडिशा और असम में हुई क्रॉस वोटिंग, 8 सांसद नहीं डाल पाए वोट

राष्ट्रपति चुनाव के लिए संसद में वोटिंग खत्म हो गई है. वोटों की गिनती 21 जुलाई को होगी. इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का मुकाबला विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा से है. राज्य सभा के महासचिव पीसी मोदी ने कहा कि 16वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान सुबह 10 बजे शुरू हुआ और शाम 5 बजे खत्म हुआ. हर जगह शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हुआ. कुल 99.18 प्रतिशत मतदान हुआ दर्ज है । राष्ट्रपति चुनाव के लिए हुए मतदान में पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, गृहमंत्री अमित शाह समेत सभी दिग्गज नेताओं ने वोट डाला. भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस सांसद मनमोहन सिंह संसद में व्हीलचेयर पर बैठकर वोट डालने पहुंचे थे । राष्ट्रपति चुनाव के मतदान में कुल 8 सांसद वोट नहीं डाल पाए. इनमें बीएसपी सांसद अतुल कुमार सिंह जेल में हैं, वहीं बीजेपी सांसद सनी देओल विदेश यात्रा पर हैं. इनके अलावा शिवसेना सांसद गजानन कीर्तिकर, हेमंत गोडसे, बीएसपी सांसद फजलुर रहमान, सादिक रहमान और सैयद इम्तियाज़ ने भी वोट नहीं डाला । मतदान के दौरान असम, गुजरात, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में क्रॉस वोटिंग भी देखने को मिली. गुजरात में राष्ट्रवादी कांग्रेस विधायक कंधाल एस. जडेजा ने कहा कि उन्होंने एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में वोट किया है. साथ ही असम में एआईयूडीएफ के विधायक करीम उद्दीन बरभुइया ने दावा किया कि असम में कम से कम 20 कांग्रेस विधायकों ने द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में अपना वोट डाला है. हालांकि कांग्रेस ने क्रॉस वोटिंग को नकार दिया । ओडिशा में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मोकीम ने दावा किया कि वो एक कांग्रेस विधायक हैं, लेकिन उन्होंने एनडीए के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के समर्थन में मतदान किया है. उन्होंने इसे अपना निजी फैसला बताया. उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के भी एक विधायक ने क्रॉस वोटिंग की है. राष्ट्रपति चुनाव के दौरान अकाली विधायक के पार्टी विरोधी सुर देखने को भी मिले. पंजाब में अकाली दल के विधायक मनप्रीत अयाली ने द्रौपदी मुर्मू




को वोट नहीं डाला. अयाली ने कहा बीजेपी से गठजोड़ रहते भी पंजाब के कई मसले हल नहीं हुए. बता दें कि, अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल ने मुर्मू को समर्थन दिया था । दिल्ली विधानसभा परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार सुबह राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शुरू हुआ. दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सीसोदिया, आम आदमी पार्टी के विधायक शिवचरण गोयल, भावना गौर और बीजेपी के विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने सुबह–सुबह मतदान किया. दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में आप के 62 और बाकी बीजेपी के विधायक हैं. विधानसभा में 68 सदस्यों ने मतदान किया और दो विधायक वोट नहीं डाल सके. मुस्तफाबाद विधायक हाजी यूनुस हज यात्रा पर हैं, जबकि मंत्री सत्येंद्र जैन जेल में हैं, इस वजह से दोनों वोट नहीं कर पाए ।

मतों की गिनती संसद भवन में होती है. मतगणना 21 जुलाई को होगी. एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू अगर ये चुनाव जीतकर राष्ट्रपति बन जाती हैं, तो स्वतंत्रता के बाद जन्मी इस शीर्ष पद पर पहुंचने वाली पहली नेता होंगी. वह देश की पहली आदिवासी और सबसे युवा राष्ट्रपति भी होंगी ।

## अखिलेश यादव बोले- जाने वाले को कोई रोक नहीं सकता, ओपी राजभर और चाचा शिवपाल पर निशाना

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और अपने चाचा शिवपाल यादव पर पहली बार खुला हमला बोला। अखिलेश यादव ने यहां तक कहा कि जाने वाले को कौन रोक सकता है। राष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग के दौरान ही बीजेपी के दावे पर अखिलेश यादव ने बड़ा आरोप भी लगाया। राष्ट्रपति चुनाव में वोट देकर निकले अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बढ़ती मंहगाई, दूध उत्पादों पर बढ़ाए गए जीएसटी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवड़ी वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी।अखिलेश यादव ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में साजिश रची गई है। इसी के तहत पहले दो डिप्टी सीएम ने ट्वीट किया और चाचा शिवपाल ने चिट्ठी लिखी है। अखिलेश ने कहा कि जाने वाले को कोई रोक नही सकता। दिल्ली से चिट्ठी पॉलिटिक्स की गई। चाचा से चिट्ठी लिखवाई गईं। लोकसभा में सपा घेरेगी। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर के गठबंधन तोड़ने पर अखिलेश ने कहा कि जिन पार्टी को जो फैसला लेना है वो ले



सकते हैं। अखिलेश ने कहा कि समाजवादियों के प्रति भाजपा की भाषा हमेशा से खराब रही। सपा प्रमुख ने बीजेपी के दावे पर कहा कि अगर एसपी के विधायक बीजेपी के संपर्क में हैं तो बीजपी उनकी लिस्ट जारी करे। बीजेपी से ज्यादा अच्छा गुमराह करने किसी को नहीं आता है। बीजेपी के चरित्र को सब कोई जानता है। वोटिंग से पहले बीजेपी ने दावा किया था कि सपा के 25 से 30 विधायक हमारे संपर्क मे हैं।समाजवादी पार्टी सोशलिस्ट राजनीति कर रही है। जो लोग समाजवादी राजनीति कर रहे हैं, भाजपा उसके खिलाफ है। इसी दौरान अखिलेश यादव ने दुध उत्पादों की कीमत बढ़ने पर ट्वीट कर कहा कि आज से आटा, दही, पनीर से लेकर ब्लेड, शार्पनर, एलईडी, इलाज, सफर सब पर जीएसटी की जो मार आम जनता पर पड़ी है, उससे दुखी होकर जीएसटी का एक नया भाव–अर्थ सामने आया है। गयी सारी तनख्वाह। पीएम मोदी के रेवडी वाले बयान पर उन्होंने कहा कि रेवड़ी की परिभाषा क्या है, बीजेपी को बताना चाहिए रेवड़ी क्या है। जनता को फ्री बिजली देना चाहिए।

राष्ट्रपति चुनाव पर अखिलेश ने कहा कि लोकतंत्र बचे इसलिए यशवंत सिन्हा को वोट दे रहा हूं। कम से कम अर्थव्यवस्था पर कोई चर्चा हो सके, उसके लिए वोट दिया है। इससे पहले रविवार को सुभासपा प्रमुख ने कहा था कि सपा गठबंधन टूटा तो बसपा के साथ हम जा सकते हैं। हम बीजेपी नहीं बल्कि द्रौपदी मुर्मू का समर्थन कर रहे हैं।

# सम्पादकीय

## एक जाल है बेल्ट–रोड परियोजना

अमेरिका में 2008 का वित्तीय संकट आकर्षक दरों पर बड़े पैमाने पर आवास ऋण देने से पैदा हुई गिरवी समस्या का परिणाम था. ऐसे बहुत से लोगों, जो आम तौर पर ढेर सारा कर्ज नहीं ले पाते, को आसान ऋण मुहैया कराया जाने लगा, ताकि वे अपना घर होने का मध्यवर्गीय सपना पूरा कर सकें. जब अमेरिकी अर्थव्यवस्था गड़बड़ायी, तो बड़ी संख्या में लोगों की नौकरी चली गयी, जिसका सीधा असर आवास कारोबार पर पड़ा. लोगों के पास किस्त चुकाने की क्षमता नहीं थी, तो बैंक उनके घर लेने लगे और जल्दी ही बिक्री का इंतजार कर रहे घरों की संख्या बहुत बढ़ गयी. लोग कर्ज के बोझ के साथ बेघर होने लगे, बैंकों पर दबाव बढ़ता गया और इसके असर से बड़े बैंक भी नहीं बच सके. साल 2008 में वित्तीय बाजार तहस–नहस हो गया. वे राष्ट्रपति बराक ओबामा के पहले कार्यकाल के शुरुआती दिन थे और उन्होंने संयम के साथ इस कठिन स्थिति का सामना करते हुए बड़े बैंकों को 800 अरब डॉलर दिया, जेनरल मोटर्स को मुश्किल से निकाला और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भरोसा बहाल किया.

किसी देश में बैंकिंग के जो कानून और विवेक लोगों और कंपनियों के लिए होते हैं, उनमें कानून संप्रभु देशों पर लागू नहीं होते, पर विवेक अवश्य प्रासंगिक होता है. आप कर्ज में डूबे किसी देश को उसी तरह नहीं उबार सकते, जैसा कि राष्ट्रपति ओबामा ने अमेरिकी कंपनियों और बैंकों के साथ किया था. आप अर्जेंटीना को खत्म नहीं कर सकते या ब्रिटेन और फ्रांस का जबर्दस्ती विलय नहीं कर सकते.

सिटी बैंक के प्रसिद्ध पूर्व प्रमुख वाल्टर रिस्टन, जिन्होंने दक्षिण अमेरिकी और अफ्रीकी देशों को ढेर सारा कर्ज बांट कर बैंक को लगभग डुबा ही दिया था, को जब बाद की मुश्किलों के बारे में आगाह किया गया, तो उन्होंने हंसते हुए कहा था– 'देश नहीं डूबा करते.' इसका अर्थ यह था कि कर्जों को अधिक ब्याज पर लगातार बनाये रखा जाता है. इस संदर्भ में श्रीलंका और पाकिस्तान की स्थिति को देखा जाए.

चीन कुछ हद तक पीछे हटने लगा है. कर्जदार उम्मीद लगाने लगे हैं. मलेशिया कम खर्च, कम ब्याज दर और अधिक स्थानीय भागीदारी के साथ रेल परियोजना की शर्तों में बदलाव कर चुका है. उल्लेखनीय है कि मूल समझौता पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को अच्छा–खासा घूस देकर किया गया था. पाकिस्तान भी आर्थिक गलियारे को लेकर सवाल उठाने लगा है. उसने श्रीलंका के हम्बनटोटा से सबक लिया है.

बंदरगाह के पहले चरण के लिए चीन ने श्रीलंका को दो प्रतिशत की दर पर 307 मिलियन डॉलर दिया था. जब श्रीलंका ने आगे 757 मिलियन डॉलर कर्ज लिया, तो चीनियों ने ब्याज दर पांच प्रतिशत कर दिया, जो पहले कर्ज पर भी लागू हुआ. फंसा हुआ श्रीलंका किस्तें नहीं चुका सका, तो उसे चीन को औद्योगिक शहर बनाने के लिए 15 हजार एकड़ जमीन देनी पड़ी. उस शहर की मुद्रा चीनी येन होगी. हम्बनटोटा राजपक्षे परिवार का सपना था और महिंदा राजपक्षे उसे दूसरा कोलंबो बनाना चाहते थे.

यह कुछ वैसा ही था, जैसे मुलायम सिंह यादव सैफई को एक औद्योगिक शहर बनाना चाहते थे. वहां के हवाई अड्डे पर नीलगाय चरती हैं, जैसे हम्बनटोटा हवाई अड्डे पर किसान धान सुखाते हैं. बेल्ट–रोड परियोजना के पहले सम्मेलन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घोषणा की थी कि इसके लिए चीन 55 अरब डॉलर देगा. यह राशि उन आंकड़ों से बहुत कम थी, जिनकी चर्चा गाहे–बगाहे होती थी. लॉलीपॉप के आकार को बहुत बढ़ा–चढ़ा कर बताना चीन की आर्थिक कूटनीति का अभिन्न आयाम है. इस परियोजना को वैश्विक वर्चस्व के लिए चीन का बड़ा दांव माना जाता है. इसके बारे में आशाएं और आशंकाएं निराधार हैं. इसका सीधा मामला पश्चिमी बैंकों में पड़े चीनी धन को वहां निवेश करना है, जहां अधिक मुनाफा मिले तथा चीनी अर्थव्यवस्था से अत्यधिक क्षमता का बोझ कुछ कम हो. अब बेल्ट–रोड परियोजना की आर्थिकी को समझा जाए. यह वह वास्तविकता है, जिसे अधिकतर टिप्पणीकार नहीं देख पाते या समझ पाते. साल 2013 तक चीन के पास लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार हो चुका था. उसका दावा है कि न्यू डेवलपमेंट बैंक, एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक और सिल्क रोड फंड के लिए निर्धारित पूंजी में इस भंडार का केवल सात प्रतिशत के आसपास ही खर्च होगा. चूंकि चीन द्वारा समर्थित ये संस्थान अनुदान की जगह उधार देंगे, तो इसका ब्याज अमेरिकी सरकार के बॉन्ड से मिलनेवाले मामूली रिटर्न की तुलना में बहुत अधिक होगा.


यह बहुत सीधा मामला है. चीन को अपने पैसे का मूल्य चाहिए और साथ ही मांग की कमी से जूझ रहे उसके उद्योगों को मदद मिल सके. और, इसके लिए उन्होंने विशिष्ट चीनी समाधान निकाला है. इसे अलग नजरिये से देखा जाए. लंबी समयावधि में बड़ी मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की कीमत में कमी आती जा रही है. ऐसे में बिना ब्याज के और डॉलर के घटते दाम के कारण अधिशेष के संग्रहण से जमा किया गया चीन का विशाल विदेशी मुद्रा भंडार धीरे–धीरे मूल्य के मामले में संकुचित होता जा रहा है.

चीन इसी समस्या का समाधान खोज रहा है. इसका एक रास्ता यह है कि इस पूंजी को अफ्रीका और एशिया के उन देशों में लगाया जाए, जिन्हें बहुत कम निवेश मिलता है, और इस तरह बहुत लंबे समय तक उनसे कमाई की जा सकती है. कुछ देशों में बहुत जल्दी ही नतीजे सामने आ गये हैं.

उदय समाचार
दैनिक
स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।
संपादक
उदय कुशवाहा
Title Code - UPHIN49938
नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा ।

## === स्वास्थ्य और व्यायाम ===

स्वास्थ्य और व्यायाम हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है व्यायाम करने से मानव शरीर स्वस्थ रहता है जिससे मानसिक और शारीरिक रूप से किसी भी कार्य को करने में आसानी होती है और उस कार्य को करने में मन भी लगता है। जो व्यक्ति व्यायाम नहीं करता है वाह स्वस्थ नहीं रह सकता है और उसे कई प्रकार की बीमारियां हो सकते हैं और उसका मानसिक तनाव बढ़ेगा और आलस का शिकार हो जाएगा। सभी व्यक्ति को व्यायाम और स्वास्थ्य से जागरूक कराने के लिए हर साल 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है ताकि सभी लोगों को यह पता चले की स्वास्थ हमारे जीवन में कितना ज्यादा महत्वपूर्ण है। बहुत से लोग व्यायाम करते हैं लेकिन बहुत से लोग ऐसे भी हैं जो व्यायाम नहीं करते हैं लेकिन वह लोग पौष्टिक भोजन को ग्रहण करते हैं और दिन भर काम करते करते उनका व्यायाम हो जाता है।व्यायाम करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और हमारा दिमाग तेजी से और अच्छे से काम करता है और हम किसी भी काम को करने में अपना पूरा ध्यान लगा सकते हैं। स्वास्थ्य का ख्याल रखने पर हम जल्दी बीमार नहीं होते हैं और हमारा शरीर भी देखने में भी अच्छा लगता है। व्यायाम करने के साथ–साथ अच्छा भोजन भी बहुत जरूरी है अगर आप अच्छा भोजन खाएंगे तो आपका स्वास्थ्य सही रहेगा। आज के समय में स्वास्थ्य खराब करने वाले बहुत सारे प्रकार के भोजन है, जैसे कि पिज़्ज़ा बर्गर समोसा इत्यादि इस प्रकार के भोजन हमारे स्वास्थ्य को खराब करती है। हमें हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए और स्वास्थ्य फलों का भी सेवन करना चाहिए इससे हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा। बहुत से लोग इतना ज्यादा काम करते हैं कि वह सही भोजन और स्वास्थ्य का ख्याल नहीं रख पाते हैं और वह लोग केवल पैसे कमाने के लिए लगे रहते हैं लेकिन एक समय बाद जब उनका स्वास्थ्य खराब होता है तो वही सारा पैसा उनके स्वास्थ्य के पीछे लग जाता है और कुछ लोग तो उन पैसों से भी अपना स्वास्थ्य नहीं कर पाते हैं। बड़े बड़े अमीर लोग एलोन मस्क, जैफ बेजॉस यहां तक कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी भी स्वास्थ्य का अच्छे से ख्याल रखते हैं क्योंकि उन्हें एक स्वास्थ्य शरीर की कीमत पता है इसीलिए सभी




लोगों को व्यायाम करने के लिए प्रधानमंत्री जी भी प्रेरित करते हैं। व्यायाम करने और स्वस्थ भोजन खाने से शरीर स्वस्थ रहता और हमें किसी भी प्रकार की बीमारी जल्दी नहीं होती है और हमारा दिमाग भी बहुत अच्छे से काम करता है इससे हम अपने काम को बहुत ही अच्छे से कर पाते हैं इसलिए हम सभी लोगों को अपने आयु और क्षमता के अनुसार व्यायाम करना चाहिए।

# बरेली में बोले कांग्रेसी, यूपी में निकाय चुनाव लड़ेंगे मजबूती से, भाजपा को हराएंगे ऐसे...

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (कांग्रेस) के सचिव एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी तौकीर आलम ने यूपी में कांग्रेस के मजबूती के साथ नगर निकाय चुनाव लड़ने की बात कही. बोले, जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान है.इसका चुनाव में फायदा मिलेगा.वह सोमवार को उपजा प्रेस क्लब में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे.उन्होंने भाजपा पर युवा विरोधी होने का आरोप लगाया.

**मजबूती के साथ चुनाव लड़े**

कांग्रेस सचिव एवं सह प्रभारी तौकीर आलम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पूर्व में हुए विधानसभा चुनाव को लड़ा है. उसी तरह से ही आगामी नगर निकाय चुनाव भी लड़ेंगे.उन्होंने पार्टी के संगठन को मजबूत है. पिछला विधानसभा चुनाव दो दलों के बीच सिमट गया था. इससे वोट का ध्रुवीकरण हो गया. मगर, इसके बाद भी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी मजबूती के साथ चुनाव लड़े. केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया.बढ़ती महंगाई पर चिंता जताई. घरेलू रसोई गैस, डीजल ,पेट्रोल ,आटा, दाले तमाम जरूरी चीजों के मूल्यों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है.

**मध्यमवर्ग पूरी तरह से त्रस्त**

इससे गरीब आदमी और मध्यमवर्ग पूरी तरह से त्रस्त है. इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाने की बात कही. उत्तर प्रदेश पश्चिम यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ओमवीर यादव ने भाजापा की डबल इंजन सरकार की गलत नीतियों के कारण सबसे अधिक युवाओं के प्रभावित होने की बात कही.उसको नौकरी नहीं मिल पा रही है, जो नौकरियां सरकार निकाल रही है. वह 4 वर्ष के लिए नौकरी दे रही है. भाजपा के नेताओं ने युवाओं को सपने दिखाए थे, कि हर वर्ष लाखों युवाओं को रोजगार देने का वायदा किया गया, लेकिन आज धरातल पर कुछ नहीं है. जिलाध्यक्ष अशफाक सकलैनी और महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने भी भाजपा पर हमला बोला.महासचिव जियाउर्रहमान ने कांग्रेस की नीतियों को गिनाया.




## फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं भाजपा की निलंबित नेता नूपुर शर्मा, अब की ये अपील

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की निलंबित नेता नूपुर शर्मा एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट की शरण में पहुंचीं हैं. विवादास्पद टिप्पणी की वजह से मुश्किलों में घिरीं नूपुर शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर उनकी गिरफ्तारी पर स्टे लगाया जाये. एक धर्म विशेष की भावना भड़काने के आरोप में नूपुर शर्मा के खिलाफ कई प्राथमिकियां दर्ज हुईं थीं.

**नूपुर शर्मा के खिलाफ भड़का था गुस्सा**

नूपुर शर्मा के खिलाफ देश भर में अभियान चला था और उन्हें कई जगहों से धमकियां भी मिलीं थीं. इससे पहले नूपुर शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की थी कि उनके खिलाफ देश भर में जितने केस दर्ज कराये गये हैं, उन्हें दिल्ली ट्रांसफर कर दिया जाये. लेकिन, नूपुर शर्मा को शीर्ष अदालत से कोई राहत नहीं मिली थी. उल्टे, सुप्रीम कोर्ट के जज ने उन्हें जमकर फटकार लगायी थी.

**सुप्रीम कोर्ट के जज ने की थी तल्ख टिप्पणी**

सुप्रीम कोर्ट के जज ने कहा था कि आपकी वजह से पूरे देश में आग लग गयी है. आपने गैरजिम्मेदाराना बयान दिया, जिसकी वजह से देश के अलग–अलग हिस्सों में हिंसा हुई. विदेशों में हमारे देश की छवि खराब हुई. साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि आपने अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगी. जब आपने माफी मांगी, तब तक बहुत देर हो चुकी थी. इसके बाद नूपुर शर्मा को किसी भी तरह की राहत देने से सुप्रीम कोर्ट ने इंकार कर दिया था.

**नूपुर शर्मा ने टीवी पर डिबेट शो में की थी टिप्पणी**

बता दें कि नूपुर शर्मा ने टीवी चौनल के एक डिबेट शो में एक धर्म विशेष के खिलाफ टिप्पणी की थी, जिस पर बवाल मच गया था. देश भर में प्रदर्शन किये गये. नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग की गयी. यहां तक कि उन्हें बलात्कार और हत्या की धमकी तक दी गयी. देश के अलग–अलग हिस्सों में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया है



कि सभी केस को क्लब कर दिया जाये.

# केरल में मंकीपॉक्स का एक और नया मामला आया सामने, जानिए कैसे फैलती है यह बीमारी?

देश में मंकीपॉक्स का दूसरा मामला सामने आया है. दूसरा केस भी केरल में ही आया है. केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि दुबई से पिछले हफ्ते राज्य पहुंचा 31 वर्षीय एक व्यक्ति जांच में मंकीपॉक्स से संक्रमित पाया गया है. यह राज्य के साथ–साथ देश में मंकीपॉक्स का दूसरा मामला है.

मंत्री ने कहा कि बीते 13 जुलाई को केरल पहुंचा मरीज कन्नूर का रहने वाला है और उसका वहां परियाराम मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है. उन्होंने कहा कि व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है. मंत्री ने यह भी कहा कि जो लोग मरीज के निकट संपर्क में थे, उन सभी पर कड़ी नजर रखी जा रही है. स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बीते रविवार को बताया था कि केरल में मंकीपॉक्स के मामले आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है. इसको लेकर तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, कोझीकोड और कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर हेल्प डेस्क शुरू किए गए हैं.

**क्या है मंकीपश्क्स**

मंकीपॉक्स एक दुर्लभ बीमारी है, जो मंकीपॉक्स वायरस के संक्रमण से होती है. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, मंकीपॉक्स एक वायरल जूनोसिस (जानवरों से मनुष्यों में प्रसारित होने वाला वायरस) है, जिसमें चेचक के रोगियों में अतीत में देखे गए लक्षणों के समान लक्षण होते हैं, हालांकि यह चिकित्सकीय रूप से कम गंभीर है. मंकीपॉक्स किसी संक्रमित व्यक्ति या जानवर के निकट संपर्क के माध्यम से या वायरस से दूषित सामग्री के माध्यम से मनुष्यों में फैलता है. डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह आमतौर पर दो से चार सप्ताह तक चलने वाले लक्षणों के साथ एक आत्म–सीमित बीमारी है.

**मंकीपश्क्स के खतरनाक लक्षण**

सिरदर्द
बुखार
लिंफ नोड्स में सूजन
शरीर में दर्द और कमर दर्द
ठंड लगना
थकान महसूस करना
चेहरे और मुंह के अंदर छाले होना
हाथ–पैर में रैशेज होना

**1970 में आया था पहला मामला**

मंकीपॉक्स की खोज 1958 में हुई थी, जब शोध के लिए रखे गए बंदरों की कॉलोनियों में चेचक जैसी बीमारी के दो प्रकोप हुए थे. ष्मंकीपॉक्सष नाम होने के बावजूद, बीमारी का स्रोत अज्ञात है. मानव मंकीपॉक्स की पहचान पहली बार 1970 में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में 9 महीने के एक लड़के में हुई थी, जहां 1968 में चेचक को समाप्त कर दिया गया था. तब से, अधिकांश मामले ग्रामीण, वर्षावन क्षेत्रों से सामने आए हैं. डब्ल्यूएचओ के अनुसार, कांगो बेसिन, विशेष




रूप से कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में और मानव मामले पूरे मध्य और पश्चिम अफ्रीका से तेजी से सामने आए हैं.

## सिक्किम पुलिस के जवान ने अपने 3 साथियों को गोलियों से भूना, दो ने मौके पर ही तोड़ा दम, एक घायल

दिल्ली के हैदरपुर इलाके में वाटर प्लांट में तैनात सिक्कित पुलिस के एक जवान द्वारा अपने तीन साथियों पर फायरिंग कर दिए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है. इस दिल दहला देने वाली घटना के शिकार दो जवानों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. जबकि, एक अन्य जवान घायल हो गया. दिल्ली पुलिस ने इसकी जानकारी दी है.

**आपस में झगड़ा होने के बाद अपने साथियों पर बरसाई गोलियां!**

दिल्ली पुलिस की ओर से बताया गया कि राष्ट्रीय राजधानी के हैदरपुर इलाके में एक वाटर प्लांट में तैनात सिक्किम पुलिस के जवान ने तीन कर्मियों को गोली मार दी. इसमें से दो जवानों की मौत हो गई और एक घायल हो गया. दिल्ली पुलिस ने बताया कि फिलहाल इस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है जवान के फायरिंग करने की वजह क्या है. वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी जवान ने आपस में झगड़ा होने के बाद अपने साथियों पर फायरिंग कर दी.

**जम्मू-कश्मीर से भी सामने आया था ऐसा ही एक मामला**

इससे पहले एक जवान द्वारा अपने सहयोगियों पर फायरिंग करने की घटना जम्मू–कश्मीर के उधमपुर में भी देखने को मिली थी, जहां एक शिविर में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के एक जवान ने अपने तीन सहकर्मियों को गोली मारकर घायल कर दिया और बाद में गोली मारकर आत्महत्या कर ली. आईटीबीपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह ने अपने साथियों पर



गोलियां चलाईं, जिसमें एक हेड कांस्टेबल और दो कांस्टेबल घायल हो गए.

# सावन के पहले सोमवार को मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़, गूंजे जयकारे

### घाटमपुर क्षेत्र के सभी मंदिरों में भक्तों की लगी रहीं लंबी लाइने

उदय समाचार । कानपुर । घाटमपुर तहसील क्षेत्र के सभी मंदिर परिषदों में भक्तों की लगी होड़ व लंबी लाइन व कतारें मंदिरों पर गूंज रहे है बम भोले के जयकारे, जानकारी अनुसार बताते चलें कि सावन के पहले सोमवार को मंदिर परिसारों में भक्तों गणों की भारी भीड़ देखने को मिली, जहां ओम नमः शिवाय की गुंज, एवं बम भोले के जय कारो की गूंज सुनाई दे रही है, बता दें कि हर वर्ष जगह–जगह भोले नाथ जी के मंदिरों में सावन के पहले सोमवार को भोले बाबा के भक्तों की काफी भीड़ देखने को मिलती है, वहीं एक नजारा घाटमपुर तहसील क्षेत्र के सजेती में स्थित बिहारेस्वर, एवं पतारा कस्बे में स्थित बैजनाथ धाम, घाटमपुर स्थित मां कुष्मांडा देवी मंदिर में, एवं बेहटा बुजुर्ग में स्थित जगन्नाथ मंदिर में, व भदरस स्थित पातालेश्वर में काफी भक्तों की भीड़ देखने को मिली, जहां दूर–दूर से आए श्रद्धालु एवं भोले बाबा के भक्तगणों में, बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए, लोगों के चेहरों में लालसा देखने को मिली, बाबा के भक्तों ने भोले बाबा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया, एवं लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला, आपको बता दें कि, भक्तों की भीड़ को देखकर मन्दिर परिषदों में पुलिस पुलिस बल रहा मुस्तैद, जहां आने जाने वाले भक्तों को किसी भी प्रकार से कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ा ।





# चौकी प्रभारी ने गिला शिकवा दूर कर पति पत्नी को मिलाया

### बीते 8 वर्षों से जुदा रह रहे थे पति पत्नी

कानपुर । घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के पतारा कस्बे में पति–पत्नी करीब 8 वर्षों से एक दूसरे से रह रहे थे, दूर जिन्हें पतारा चौकी इंचार्ज विनीत मिश्रा ने दोनों की दूरियों को मिठाई खिलाकर नजदीकियां बढ़ाई जिससे पति पत्नी दोनों के चेहरे खुशी से छलक ने लगे वही एक दूसरे को मिठाई खिलाते के समय पत्नी शर्म से हुई पानी पानी वह मुस्कुराते हुए एक दूसरे के साथ जीवन गुजारने का फैसला किया, जानकारी के अनुसार बता दें कि पतारा कस्बा निवासी गया प्रसाद त्रिवेदी और उनकी पत्नी घरेलू विवाद के चलते करीब 8 वर्षों से एक दूसरे से दूर रह रहे थे, विवाद बच्चों का था जिस पर बड़े बेटे के साथ गया प्रसाद त्रिवेदी व छोटे बेटे के साथ



पत्नी रहने लगी थी जिससे एक दूसरे की दूरियां बढ़ गई थी कई कोशिशों के बावजूद भी एक दूसरे से मिलन नहीं हो सका, मामला चौकी पर पहुंचा जिस पर पति पत्नी को बुलाकर पतारा चौकी प्रभारी विनीत मिश्रा ने समझाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर साथ जीवन बिताने का वादा कर आया जिससे दोनों के चेहरों में मुस्कुराहट आ गई उन्होंने कहा कि मैं हंसी खुशी के साथ अपना जीवन व्यतीत करूंगा ।

## गंगा नदी में नहाने गए तीन दोस्त डूबे, एक की मौत, ग्रामीणों ने दो को बचाया

कानपुर । बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के राडा गांव के तीन दोस्त गंगा नदी में गहरे पानी में डूब गए। चीख़ पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन–फानन में गंगा में छलांग लगा कर दो किशोरों को जैसे–तैसे बाहर निकाल लिया, जबकि एक किशोर तेज बहाव में गहरे पानी में समा गया। मिली जानकारी के अनुसार राणा गांव निवासी नाहर सिंह का पुत्र उज्जवल (15) अपने दो दोस्तों अंश और अनुराग के साथ गांव के ही गंगेश्वर गंगा तट पर स्नान के लिए गया था। यह तीनों दोस्त काफी देर तक नहाते हुए गहरे पानी में डूब गए। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने जैसे तैसे अंश और अनुराग को बाहर निकाल



लिया, जबकि उज्जवल गहरे पानी में समा गया। करीब दो घंटे बाद भी मौके पर दमकल और पुलिस न पहुंचने से ग्रामीणों में रोष बना हुआ था। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ गंगा तट पर लगी हुई थी। करीब पांच बजे पर उज्जवल को बेदम हालत में स्थानीय ग्रामीणों ने जाल डालकर नदी से बाहर निकाल लिया। उसे उपचार के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ट्रांसपोर्टर को बेरहमी से पीटा, फिर किया वीडियो वायरल, कमिश्नर के आदेश पर मुकदमा दर्ज

कानपुर । हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के उस्मानपुर इलाके में दबंगों ने अपनी स्कार्पियों कार में ट्रांसपोर्टर को जबरन बैठा लिया और पिस्टल लगा कर उसे बेरहमी से पीटा। यहीं नहीं दबंगों ने इसका पूरा वीडियो बनाया और लोगों के बीच अपनी दहशत बनाने के लिए उसे सोशल मीडिया पर जमकर वायरल कर दिया। मामला आलाधिकारियों तक पहुंचा तो कमिश्नर ने मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। हनुमंत विहार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश करनी शुरू कर दी। उस्मानपुर हनुमंत विहार निवासी आशीष बाजपेई ट्रांसपोर्टर है। आशीष के मुताबिक गल्लामंडी निवासी हर्ष द्विवेदी दो माह पूर्व किसी मामले में जेल से छूट कर बाहर आया है। तब से वह फोन कर धमकी दे रहा है कि तुमने मेरी मुखबिरी की है, अब अंजाम भुगतोगे। 17 जुलाई को बख्तौरीपुरवा निवासी शैलेश तिवारी उर्फ पंडित, गोपाल नगर यशोदा नगर निवासी सोनू तिवारी व एक अन्य साथी अपनी स्कार्पियो गाड़ी से घर के नीचे आए और बोले की हर्ष तुम्हारा आगे इंतजार कर रहा है, उसे कुछ बात करनी है। आशीष ने बैठने से इंकार किया, तो दबंगों ने उसे जबरन गाड़ी में बैठा लिया और आगे जाकर शैलेश ने उसके ऊपर पिस्टल तान दी। इसके बाद उसे पिस्टल की बट, लात–घूसों व जूते से बुरी तरह से पीटा। वहीं, शैलेश का एक साथी घटना क्रम का पूरा वीडियो बना रहा था। थोड़ी दूर



ले जाकर शैलेश ने चलती गाड़ी से आशीष को फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि आम लोगों के बीच दहशत बनाने के लिए शैलेश ने इस वीडियो का सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। थानाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा ने बताया कि आशीष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दबिश दी गई थी मगर आरोपी घर से फरार है। जांच में सामने आया है कि शैलेश दबंग प्रवत्ति का व्यक्ति है। जोकि अवैध पिस्टल लगाकर इलाके में घूम–धूमकर लोगों पर रौब झाड़ता है।

# सड़क हादसे में शिक्षक की मौत, उन्नाव में थी तैनाती

फतेहपुर । जनपद के औंग थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई बताते चलें कि जनपद के औग थाना क्षेत्र के गोधरौली के समीप बाइक सवार आलोक पांडे उम्र 25 वर्ष पुत्र दिनेश पांडे निवासी पाल्हेपुर थाना साढ जो कि अपनी बाइक से उन्नाव जा रहा था जो शिक्षक के पद में उन्नाव जिले में तैनात था शनिवार को शाम वापस अपने गांव पाल्हेपुर आया था सोमवार की सुबह वह वापस अपनी ड्यूटी उन्नाव जा रहा था तभी को थाना औंग क्षेत्र के गोधरौली



मेंसड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई वहां पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इधर मौजूद कागजों के अनुसार परिजनों को सूचना दे दी गई है जहां पर कोहराम मचा हुआ है मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक सवार शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गई है जिसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

## बाइक सहित ढाई किलो गांजा व चार देसी बम सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

फतेहपुर । जनपद के बिदंकी कोतवाली क्षेत्र में दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिनके पास एक बाइक ढाई किलो गांजा हुआ 4 देसी बम बरामद हुए हैं बताते चलें कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के महरहा रोड बाईपास चौराहे से शकील अहमद पुत्र अब्बास सोहरा पुत्र रहमानी को गिरफ्तार किया है थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों युवक कई मामलों के अपराधी हैं मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस प्रशासन भेज महरहा रोड बाईपास चौराहे से दो



अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास एक बाइक ढाई किलो गांजा वह 4 देसी बम बरामद हुए हैं जिनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी, मौत



फतेहपुर । जनपद के ललौली थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली बताते चलें कि जनपद के ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे में एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इसकी जानकारी जैसे ही परिजनों को कोई तो कोहराम मच गया परिजनों ने इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी भारी पुलिस प्रशासन के क्षेत्राधिकारी प्रगति यादव भी मौके पर पहुंची और छानबीन की जा रही है क्षेत्राधिकारी प्रगति यादव ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकेगा परिजनों में रो रो कर बुरा हाल है शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वह तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।

# प्राथमिक विद्यालय से चोरी हुआ गैस सिलेंडर, आरोपी को भेजा जेल

फतेहपुर । जनपद के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय पर पिछले सप्ताह चोरी का मामला सामने आया था जहां पर पुलिस ने एक आरोपी को गैस सिलेंडर के साथ गिरफ्तार कर लिया है बताते चलें कि जनपद केबिंदकी कोतवाली क्षेत्र के क्यौटरा गांव के प्राथमिक विद्यालय पर चोरी की घटना सामने आई थी जिसमें स्थानीय पुलिस नेअज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया था जांच के दौरान एक आरोपी अरविंद कुमार उम्र 21 वर्ष पुत्र राम सजीवन निवासी क्योटरा को सब इंस्पेक्टर सूरज कनौजिया अपने हमराही सिपाहियों के साथ गिरफ्तार कर लिया है साथियों की पूछताछ की जा रही है थानाध्यक्ष ने



बताया कि चोरी की घटना में शामिल युवक की गिरफ्तारी हुई है साथियों की पूछताछ की जा रही है जिनके गिरफ्तारी की जाएगी और कानूनी कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जाएगा ।

### कार खड़े ट्रक से टकराई एक ही परिवार के चार सदस्य घायल।।

उरई–(जालौन)–ग्राम उदोतपुरा से अपनी निजी कार से औरैया जा रहे परिवार की कार खड़े ट्रक से टकराई। जिसमें परिवार के 4 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा निवासी प्रयाग सिंह (55) पुत्र लाखन सिंह चौहान अपने परिवर में पत्नी राजकुमारी (48), पुत्र प्रदीप (28) व पुत्री सोनिया (16) के साथ निजी कार से सोमवार की सुबह औरैया में अपने रिश्तेदार को देखने जा रहे थे। सहाव मोड़ से आगे बने ढाबा के पास पहले से खड़े ट्रक में उनकी कार की टक्कर हो गई। जिससे प्रयाग सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी पत्नी को भी चोटें आईं। वही, पुत्र प्रदीप व बेटी सोनिया को हल्की फुल्की चोटें आई है। गाड़ी चला रहे प्रदीप ने बताया कि स्टेयरिंग जाम होने की वजह से वह गाड़ी को नहीं मोड़ पाए और गाड़ी खड़े ट्रक में टकरा गई। राहगीरों ने सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है।।

# आस्था का पर्याय बना गूढ़ेश्वर अखंड परम धाम






उदय समाचार । प्रदीप कुशवाहा फतेहपुर । सावन के प्रथम सोमवार को शिव मंदिर गोढेश्वर धाम में शिव भक्तो का तातां लगा रहा हजारों की संख्या में भक्तो ने दर्शन किये

प्रसिद्ध शिव स्थान जनपद मुख्यालय से 60 किमी की दूरी में विकास खण्ड अमौली के चांदपुर गांव के नोन नदी के तट पर सुरम्य वादियों एवं ऊंचे ऊंचे टीलों के मध्य रहस्यमयी सत्ता के रूप में परम पिता शिव साक्षात विराजमान हैं। रहस्यमयी उत्पत्ति से लेकर भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने के कारण श्री गुढ़ेस्वर अखण्ड परम धाम भक्तों के आकर्षण का केन्द्र है सावन के प्रत्येक सोमवार को व शिवरात्रि के दिन भक्तों का अपार समूह दिखाई देगा। शिवलिंग की ऐतिहासिक कीविदंती है कि मंदिर के पश्चिम लगभग तीन किमी घनघोर जंगल है वहां पर चरवाहे प्रतिदिन पशुओं को चराते थे। मखना निषाद था जो अपने पशुओं को लेकर इसी जंगल मे जाता था उसकी एक गाय अपना दूध एक झाड़ी से घिरे हुए टीले में निकाल देती थी।

गांववासियों ने इस रहस्य को जानना चाहा और खुदाई की तो पता चला कि एक रहस्य मयी अद्भुत शिव लिंग स्थित है। चांदपुर के सेठ मथुरा प्रसाद ने यहां मंदिर निर्माण की नीव रख दी जिसे भक्तों ने व्यवस्था संभाली और आज कई मंदिरों का समूह स्थित है। मंदिर परिसर में पहुंचते ही भक्तों मे असीमित भक्ति भाव जाग्रत होता है ।

## पीड़ित ने गुम हुई महिला की शिकायत जालौन पुलिस से की।

उरई (जालौन)– श्यामबाबू पुत्र मनीराम निवासी ग्राम पहाड़पुरा थाना कोतवाली जालौन ने सोमवार को जालौन पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया है कि हमारी पुत्री बंदना देवी उम्र करीब 21 वर्ष जिसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार बाबूराम पुत्र सुंदरलाल ग्राम बरही थाना कोतवाली कालपी के साथ वर्ष 2020 में हुआ था विवाह के अवसर पर प्रार्थी ने दान दहेज दिया था ।

28/ 5 /2022 को अपनी पुत्री बंदना देवी को अपनी ससुराल बरही से लिवा आया था जब से वंदना देवी ग्राम पहाड़पुरा थाना जालौन में प्रार्थी के घर पर रह रही थी दिनांक 17 /07/20 22 को समय करीब 6 बजे शाम घर से लापता हो गई है प्रार्थी काम से जब



घर वापस आया तो पता चला कि वंदना कहीं चली गई है जिसकी खोज प्रार्थी ने कई जगह किया व रिश्तेदारों में भी पता किया लेकिन बंदना का कहीं पता नहीं चला।।

# दहेज हत्या में वांछित महिला अभियुक्त गिरफ्तार

उन्नाव । थाना बिहार क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव व क्षेत्राधिकारी बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में थाना बिहार पुलिस द्वारा दहेज हत्या में वांछित महिला अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। आपको बता दें कि बीती आठ जुलाई को रामखेलावन पुत्र भगवानदीन निवासी उदवतखेड़ा थाना खीरो जनपद रायबरेली की पुत्री आरती देवी की दहेज में चेन बाईक व रुपया की माँग को लेकर फाँसी लगाकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था । सोमवार को को उप निरीक्षक जय नरायण मिश्रा मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित महिला अभियुक्त बाबूदेई पत्नी रामसागर उम्र 58 वर्ष नि0 ग्राम जप्सरा थाना बिहार जनपद उन्नाव को घर के बाहर ग्राम जप्सरा से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक जयनाराण मिश्र थाना बिहार उन्नाव, कां सुजीत कुमार थाना बिहार उन्नाव, कां रवि कुमार थाना बिहार उन्नाव, मकां अर्चना सिंह थाना बिहार उन्नाव, मकां प्रीती राठौर थाना बिहार उन्नाव सामिल रहे ।




# घरेलू विवाद में पति ने चाकू गोदकर की हत्या, साले की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

इटावा । जिले के थाना बकेवर क्षेत्र के ग्राम वीरपुर में पति ने पत्नी की चाकू गोदकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। मृतका के भाई की तहरीर पर थाना पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनसार, ग्राम वीरपुर निवासी अजीत पाल पुत्र राजाबाबू घर में पत्नी सोनी और छोटा बेटा घर पर रहते हैं। सोमवार सुबह बेटा स्कूल चला गया। इसके बाद किसी बात को लेकर पति–पत्नी का विवाद हो गया। इस बीच पति ने पत्नी को चाकू गोदकर मार डाला और उसे चादर से ढककर लिटा दिया। दोपहर में स्कूल से लौटेह बेटे ने जब मां को आवाज दी वह नहीं उठी। इस पर उसने चादर हटाई तो मां का खून से लथपथ शव देखकर उसके होश उड़ गए। महिला के चेहरे पर कई निशान हैं। उसने बिलखते हुए पड़ोसियों को सूचना दी। घटना से गांव में हड़कंप मच गया है। सूचना पर महिला के मायके वाले भी औरैया से पहुंच गए। साले की तहरीर पर जीजी के खिलाफ तहरीर दी गई है। सूचना पर पहुंचकर एसपी देहात सत्यपाल सिंह और थाना अध्यक्ष विद्यासागर ने पहुंचकर जांच पड़ताल की है।



# न करें देरी समय से लगवा लें कोविड टीके का एहतियाती डोज- जिलाधिकारी

उन्नाव । जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में एक बैठक का आयोजन हुआ । जिलाधिकारी महोदय ने बताया कि जनपद में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों को कोविड टीके की तीनों डोज अवश्य लगवा लेनी चाहिए। पहले 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को एहतियाती डोज निजी अस्पताल में शुल्क देकर लेनी पड़ रही थी, लेकिन अब यह सुविधा सरकारी अस्पतालों पर निःशुल्क हो गयी है। कोविड टीके की एहतियाती खुराक 59 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए पहले से निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने सभी विभागों को कोविड टीकाकरण में सहयोग के निर्देश दिये। बैठक में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ( डीआईओ) व डिप्टी सीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि कोविड का एहतियाती डोज लगवाने में देरी न करें। कोरोना से बचने के लिए समय से कोविड टीके का एहतियाती डोज जरूर लगवा लें। निशुल्क एहतियाती डोज का निशुल्क टीका आगामी 30 सितम्बर तक ही निशुल्क लगेगा। टीकाकरण के लिए जिले भर में अभी 19 अस्पतालों पर सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। आगे और भी सत्र बढ़ाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 11 लाख लाभार्थियों को कोविड टीके का एहतियाती डोज लगाया जाना है। इसके लिए 15 जुलाई 2022 से अभियान शुरू कर दिया गया है। एहतियाती डोज में वही टीका लगाया जाएगा जो लाभार्थी ने प्रथम और दूसरी डोज के तौर पर ली है। एहतियाती डोज दूसरी डोज का टीका लेने के छह माह अथवा 26 सप्ताह पूरा होने पर ही दिया जाएगा। लाभार्थी अपने नजदीक के टीकाकरण सत्र स्थल पर जाकर अपना मोबाइल नंबर बताकर तथा आधार कार्ड या द्वितीय डोज टीकाकरण का प्रमाण–पत्र दिखाकर एहतियाती डोज लगवा सकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री दिव्यांशु पटेल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा सत्यप्रकाश सहित समस्त सम्बन्धि आदि उपस्थित रहे।



## अष्टधातु का शंख बरामद, पुलिस ने सात लोगों को किया गिरफ्तार

महाराजगंज ।अष्टधातु की मूर्ति की तस्करी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। बता दें कि नौतनवा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान नेपाल की तरफ जा रहे चार पहिया वाहन को रोक कर चेक किया तो उसमें से अष्टधातु का शंख बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने कार में सवार सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शंख का वजन 4 किलो है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ 35 लाख रुपए आंकी गई है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए युवक अष्टधातु से बना शंख लेकर नेपाल में बेचने जा रहे थे। लेकिन सीमा पार करने से पहले ही उन्हें दबोच लिया गया। नेपाल सीमा की तरफ जा रहे कार को पुलिस ने रोक कर चेक किया, तो उसमें छुपा कर रखा गया अष्टधातु का शंख बरामद हुआ। शंख का वजन 4 किलोग्राम था। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ 35 लाख रुपए बताई गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश पाठक निवासी हथियागढ़ लक्ष्मीपुर, नरेंद्र प्रताप सिंह निवासी कोल्हुई महाराजगंज, श्रवण सिंह निवासी पीपीगंज गोरखपुर ,अनूप वर्मा कोल्हुई, कृष्ण कुमार गुप्ता भैरहवा नेपाल, अमजद खान नौतनवा और नसरुल्लाह सुनौली के रूप में हुई। नौतनवा थानाध्यक्ष राजेश कुमार पांडे ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। साथ ही बरामद शंख की जांच कराई जा रही है।




## सूने पड़े घर से चोरों ने लाखों के जेवरात और नगदी की पार

हमीरपुर । एक सूने पड़े घर से चोरों ने लाखों के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ किया है। इस बात की जानकारी जब पड़ोसियों ने गृह स्वामी को दी तो उसने आज मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए पुलिस को चोरी की वारदात की जानकारी दी है। गृह स्वामी के अनुसार वह दो महीने से शादी के सिलसिले में बनारस में था, पड़ोसियों ने जानकारी दी तो बीती शाम वह घर लौटा तो सभी कमरों सहित अलमारी के ताले टूटे मिले और सामान भी अस्तव्यस्त मिला है। हमीरपुर सदर कोतवाली क्षेत्र के भिलावां के वार्ड नंबर 12 के रहने वाले प्रशांत कुमार श्रीवास्तव के घर से चोरों ने लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी पर हाथ साफ करते हुए ग्रस्ति को अस्तव्यस्त कर दिया है। चोरों ने इस वारदात को कब अंजाम दिया है। इस बारे में प्रशांत कुमार को भी सही जानकारी नहीं है। क्यंकि वह खुद बीते दो महीने से घर में ताला डाल कर बनारस गए हुए थे। प्रशांत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वह बीते दो माह से शादी के सिलसिले में बनारस गए हुए थे, पड़ोसियों ने उन्हें बीते दिन जानकारी दी की उनका घर खुला पड़ा है, तो वह बीती शाम हमीरपुर लौटे हैं। प्रशांत कुमार के अनुसार चोरों ने बाहर के दरवाजे सहित कमरों के ताले तोड़ते हुए अलमारी का लॉक भी तोड़ दिया है। अलमारी में रक्खे सोने चांदी के ज़ेवरात और डेढ़ लाख की नगदी चोरी कर ली है। प्रशांत कुमार के अनुसार उनके घर से लगभग 12 लाख के ज़ेवरात और नगदी की चोरी हुई है, जिसकी तहरीर उन्होंने पुलिस को दे दी है।



# पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

बस्ती । सोमवार को समाजवादी पार्टी के जिला सचिव जितेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर पंचायत भानपुर के मंडप समय माता मंदिर प्रांगण में आम, आंवला, अमरूद, बेल के 11 पौधे लगाए गए । जिला सचिव जितेंद्र यादव ने कहा कि आज श्रावण मास के पवित्र प्रथम सोमवार के अवसर पर वृक्षारोपण का कार्य किया गया और यह वृक्षारोपण का कार्य लगातार जारी रहेगा । उन्होंने कहा की पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए वृक्षारोपण अति आवश्यक है, जिससे हम सभी को पर्याप्त ऑक्सीजन प्राप्त होता है । पौधों से शीतल छाया और फल प्राप्त होते हैं, जिसके बिना वर्षा भी असंभव है ।

अगर हम वृक्षारोपण करेंगे तो हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा ।जितना अधिक हरियाली होगी उतना ही अधिक स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिलेगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विपिन चौधरी, विशाल यादव, धर्मेंद्र चौधरी, अमित चौधरी, हरीश, विकाश, विशाल, रवि यादव आदि उपस्थित रहे ।



# पीआरवी की सक्रियता से कटने जा रहा डीसीएम बरामद, बिहार से हुआ था लापता

कानपुर । बिहार से चार दिन पहले पंजाब जाने के लिए निकले कबाड़ लदे डीसीएम को कटने से पहले पीआरवी ने सक्रियता से महज पांच मिनट में बरामद कर लिया। हालांकि, चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। दरअसल, एसपी कंट्रोल रूम बसंत लाल के पास शनिवार रात करीब 11.04 बजे बिहार बॉर्डर से सूचना आई कि स्क्रैप लदा डीसीएम चार दिन पहले पंजाब के लिए निकला था। ड्राइवर डीसीएम को पंजाब न ले जाकर कानपुर में ही कटवाने की फिराक में घूमा रहा है। वायरलेस पर मिली सूचना के बाद पीआरवी नंबर 0406 ने पांच मिनट में डीसीएम की लोकेशन कल्याणपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेस कर ली। डीसीएम को इंद्रनगर चौकी प्रभारी के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस कमिश्नर विजय सिंह मीणा ने पीआरवी में तैनात कमांडर एसआई ऋषि पाल सिंह, सब कमांडर सिपाही विपिन कुमार, और पायलट अनिल कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की घोषणा की है।




# सावन के पहले सोमवार में शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

श्रावस्ती । जिले के सिरसिया विकासखंड क्षेत्र में स्थित विभूतिनाथ मंदिर, जमुनहा क्षेत्र के जगपतिनाथ महादेव सहित अन्य शिवालयों में सावन के पहले दिन शिव भक्तों की जुटी भीड़ । सावन में जल अभिषेक के लिए सबसे ज्यादा उत्सव युवाओं में देखा जा रहा है जो विभिन्न शिवालयों में अपने आराध्य देव महादेव का पूजा अर्चना करने पहुंचे । श्रद्धालु ऐसे में सावन माह के सोमवार पर विभूतिनाथ सहित बेचु बाबा, जगपति नाथ पर जलाभिषेक के लिए पहुंचे शिव भक्त जिले में प्रमुख शिवालयों में सोमवार को जल अभिषेक के दौरान शिव भक्तों में खुशी की लहर देखने को मिली । ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पति –पत्नी में अक्सर होता था विवाद

कानपुर । आउटर के महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कमालपुर गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची महाराजपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए जांच पड़ताल में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार सुहैला चौकी क्षेत्र के अंतर्गत कमालपुर गांव के रहने वाले रामआसरे का बेटा मुकेश उर्फ लड्डू 30 वर्षीय ने कमरे में दुपट्टे से कुंडे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिजनों ने महाराजपुर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में ले लिया। वहीं घटना की जांच में जुट गई। पड़ोसियों ने बताया कि मुकेश का 6 साल पहले बेबी से प्रेम विवाह हुआ था। शादी के कुछ साल बाद पति पत्नी में आए दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता था।

रविवार शाम को भी पति पत्नी में किसी बात को लेकर काफी विवाद हुआ था। चौकी इंचार्ज सुहैला मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की देर रात कमालपुर गांव में एक 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगा ली। मृतक युवक के 3 बच्चे हैं। युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं परिजनों ने बताया कि रविवार रात पति–पत्नी का विवाद हुआ था। जिसको लेकर मुकेश परेशान था। हालांकि पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।



# वृहद पौधारोपण और मेधावी सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कानपुर । नरवल के बौसर स्थित उषा पापुलर विद्यालय में वृहद पौधारोपण और मेधावी सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री विनय मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने मेधावियों को सीलिंग फैन वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि और विद्यालय के बच्चों ने विद्यालय परिसर के मैदान में फलदार और छायादार पीपल, बेल, शीशम, जामुन, आम आदि के पौधे रोपित किए गए। मुख्य अतिथि ने पौध लगाकर लोगों को संदेश देते हुए कहा कि वृक्ष से केवल लकड़ी ही नहीं स्वस्थ्य रहने के लिए फल भी मिलता है। इसलिए हम सभी को अपने घर, विद्यालय, मन्दिर आदि जगहों के आसपास कम से कम एक या दो फलदार वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। बीपी विद्यार्थी ने कहा कि वृहद पौधरोपण से ही पर्यावरण में आ रही गिरावट को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि हरे पेडों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण दूषित हो रहा है। स्वच्छ पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक हरे पेड़ पौधे लगाना चाहिए और उनकी देखरेख का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर रानू शुक्ला भाजपा युवा नेता, सतीश मिश्रा ग्राम प्रधान, सुदामा बाजपेई, विजय त्रिवेदी, राज साहू, रवि पाल, रामशंकर तिवारी, रुद्रराम शर्मा, कपिल सिंह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीपी विद्यार्थी एवं रोटरी क्लब के सभी गणमान्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।




# शार्ट सर्किट से एसबीआई बैंक में लगी आग, ग्राहकों और बैंककर्मियों ने खिड़कियों से कूदकर बचाई जान

कन्नौज । जिले में तिर्वा क्रासिंग पर स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे बैंक में अफरा–तफरी मच गई। ग्राहकों और कर्मचारियों ने खिड़कियों और टीनशेड से कूदकर जान बचाई। आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। एक दो–दिन तक बैंक में लेनदेन प्रभावित रहेगा। बता दें कि शहर के तिर्वा क्रासिंग पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा स्थित है। दोपहर करीब तीन बजे शार्ट सर्किट से बैंक में आग लग गई। बिजली के केबल स्पार्किंग कर जलने लगे। इससे बैंक में अफरा–तफरी मच गई। दूसरी मंजिल पर मौजूद कर्मचारी और ग्राहकों में भगदड़ मच गई। किसी तरह खिड़की और टीनशेड से कूदकर महिलाओं समेत लोग बाहर निकले। आग लगने की सूचना दमकल टीम को दी गई। इस दौरान कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार रवि ने बताया कि आग से करीब दो लाख का नुकसान हुआ है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वायरिंग और मरम्मत के बाद शाखा में लेन–देन का काम शुरू होगा। इसमें करीब दो दिन लग सकते है। तब तक दूसरी शाखाओं से ग्राहक लेनदेन कर सकते है। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

